नवभारत

लीलावती अस्पताल में निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन

जरूरतमंद मरीजों को मिली इलाज की सुविधा

■ मुंबई, (सं). लीलावती हॉस्पिटल्स और मेनाबेन हेल्पिंग हैं के सहयोग से रविवार को जरूरतमंद मरीजों के लिए मुफ्त स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया. शिविर से 250 मरीज लाभान्वित हुए हैं और यहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपस्थिति में उनकी शंकाओं का समाधान किया गया. जांच के बाद जरूरतमंद मरीजों की मुफ्त सर्जरी की जाएगी. शिविर के दौरान ऑस्टियोपोरोसिस और ऑस्टियोआर्थराइटिस के साथ-साथ अस्थमा और क्रोनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) से पीड़ित मरीजों की फोर्स्ड ऑसिलेशन तकनीक (एफओटी) का उपयोग करके स्पाइरोमेट्री और बोन मिनरल डेंसिटी (बीएमडी) परीक्षण द्वारा जांच की गई. स्पाइन सर्जन डॉ. अमित कोहली कहा कि वृद्धाश्रमों के 250 से अधिक लोगों की जांच की गई.

आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों की सहायता

इनमें से कई व्यक्तियों को घुटनों, कूल्हों, रीढ़ में दर्द और रीढ़ की हड्डी की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था. जांच के बाद 20 से 25 मरीजों की निःशुल्क सर्जरी की जाएगी. डॉ. प्रहलाद प्रभुदेसाई ने कहा कि अस्थमा और क्रोनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) से पीड़ित मरीजों को दवा और इनहेलर समेत मुफ्त इलाज मुहैया कराया गया. उन्होंने बताया कि अस्पताल मेनाबेन हेल्पिंग हैं पहल के माध्यम से जरूरतमंदों को आवश्यक चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे है. शिविर के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को सर्वोत्तम सेवाएं प्रदान की गई.